# पाठ - तोप

**व्याख्या**

1. कंपनी बाग़ के मुहाने पर
   धर रखी गई है यह 1857 की तोप
   इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
   कंपनी बाग़ की तरह
   साल में चमकाई जाती है दो बार।

**शब्दार्थ**

**मुहाने** – प्रवेश द्वार पर
**सम्हाल** – देखभाल
**धर रखी** – रखी गई
**विरासत** – पूर्व पीढ़ियों से प्राप्त वस्तुएँ

**प्रसंग** :- प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी हिंदी पाठ्य पुस्तक ' स्पर्श भाग -2 ' से ली गई हैं। इसके कवि वीरेन डंगवाल हैं। इन पंक्तियों में कवि ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में इस्तेमाल की गई तोप का वर्णन किया है।

**व्याख्या** :- *कवि कहते हैं कि यह जो 1857 की तोप आज कंपनी बाग़ के प्रवेश द्वार पर रखी गई है इसकी बहुत देखभाल की जाती है। जिस तरह यह कंपनी बाग़ हमें विरासत में अंग्रेजों से मिला है, उसी तरह यह तोप भी हमें अंग्रेजों से ही विरासत में मिली है। जिस तरह कंपनी बाग़ की साल में दो बार अच्छे से देखरेख की जाती है उसी तरह इस तोप को भी साल में दो बार चमकाया जाता है।*

2. सुबह शाम आते हैं कंपनी बाग़ में बहुत से सैलानी
   उन्हें बताती है यह तोप
   कि मैं बड़ी जबर
   उड़ा दिए थे मैंने
   अच्छे – अच्छे सूरमाओं के धज्जें
   अपने ज़माने में

**शब्दार्थ**

**सैलानी** – दर्शनीय स्थलों पर आने वाले यात्री
**सूरमाओं** – वीर
**जबर** – ताकतवर
**धज्जें – चिथड़े** – चिथड़े करना

**प्रसंग :-** प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी हिंदी पाठ्य पुस्तक ' स्पर्श भाग -2 ' से ली गई हैं। इसके कवि वीरेन डंगवाल हैं। इन पंक्तियों में कवि बताना चाहता है कि तोप का प्रयोग कहाँ हुआ था !

**व्याख्या :-** *कवि कहते हैं कि सुबह और शाम को बहुत सारे व्यक्ति कंपनी के बाग़ में घूमने के लिए आते हैं। तब यह तोप उन्हें अपने बारे में बताती है कि मैं अपने ज़माने में बहुत ताकतवर थी। मैंने अच्छे अच्छे वीरों के चिथड़े उड़ा दिए थे। अर्थात उस समय तोप का डर हर इंसान को था।*

3. अब तो बहरहाल
   छोटे बच्चों की सवारी से अगर यह फारिग हो
   तो उसके ऊपर बैठकर
   चिड़ियाँ ही अकसर करती है गपशप
   कभी -कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
   खासकर गौरैयें

वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

**शब्दार्थ**

**बहरहाल** – बुरी स्थिति **फारिग** – मुक्त, खाली

**प्रसंग :-** प्रस्तुत पंक्तियाँ हमारी हिंदी पाठ्य पुस्तक ' स्पर्श भाग -2 ' से ली गई हैं। इसके कवि वीरेन डंगवाल हैं। इन पंक्तियों में कवि कहना चाहता है कि किसी भी बुराई को हिम्मत और होंसलों के सहारे खत्म किया जा सकता है।

**व्याख्या :-** *कवि कहते हैं कि अब तोप की स्थिति बहुत बुरी है। छोटे बच्चे इस पर बैठ कर घुड़सवारी का खेल खेलते हैं। जब बच्चे इस पर नहीं खेल रहे होते तब चिड़ियाँ इस पर बैठ कर आपस में बातचीत करने लग जाती हैं। कभी – कभी शरारती चिड़ियाँ खासकर गौरैयें तोप के अंदर घुस जाती हैं। वो छोटी सी चिड़िया ऐसा करके हमें बताना चाहती हैं कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो एक ना एक दिन उसका भी अंत निश्चित होता है।*

**पाठ्य पुस्तक प्रश्न**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**प्रश्न 1.** विरासत में मिली चीजों की बड़ी सँभाल क्यों होती है? स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर:** विरासत में मिली चीजों की सँभाल इसलिए की जाती है क्योंकि यह हमारे पूर्वजों द्वारा प्रदत्त होती हैं। इनसे हमारे पुरखों की यादें जुड़ी होती हैं। इसके अलावा ये हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग होती हैं जो हमें तरह-तरह की जानकारी देती हैं। इनसे तत्कालीन राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिलती है। विरासत अगली पीढ़ी के लिए ज्ञान की वाहक होती है। ये नई पीढ़ी के जीवन-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

**प्रश्न 2.** इस कविता से आपको 'तोप' के विषय में क्या जानकारी मिलती है?

**उत्तर:** इस कविता से हमें यह जानकारी मिलती है कि सन् 1857 की तोप हमें विरासत में मिली है। यद्यपि इस तोप का निर्माण अंग्रेज़ों ने भारतवासियों के विरुद्ध प्रयोग करने के लिए किया था, किंतु इसी तोप ने अंग्रेज़ों पर आक्रमण करके, उन्हें परास्त करके, उन्हें उनकी बुरी चालों की सज़ा दी थी। अब यह कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर रखी हुई है। साल में दो बार इसे चमकाया जाता है। आज तो यह अवकाश प्राप्त पुरुष की तरह प्रसन्नता का अनुभव करती है, जब वह देखती है कि बच्चे उसपर सवारी करते हैं, चिड़ियाँ उसपर बैठ कर चुहलबाज़ी करती हैं और गौरैयाँ शैतानी से उसके भीतर भी घुस जाती हैं।

**प्रश्न 3.** कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है?

**उत्तर:** कंपनी बाग में रखी तोप हमें यह सीख देती है कि समय परिवर्तनशील है। वह सदा एक-सा नहीं रहता है। कोई कितना भी ताकतवर क्यों न हो एक न एक दिन उसे झुकना ही पड़ता है। अत्याचार पर सदा ही सदाचार की जीत होती आई है। इसके अलावा यह तोप हमें और भी कई सीख देती है; जैसे-

1. हमें अतीत से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।
2. हमें अपनी स्वतंत्रता को सदा बचाकर रखना चाहिए। इसके लिए भले ही हमें अपना सब कुछ अर्पित करना पड़े।
3. हमें अच्छा कार्य करना चाहिए ताकि समय बदलने पर भी लोग अच्छे कामों के लिए हमें याद करें।

**प्रश्न 4.** कविता में तोप को दो बार चमकाने की बात की गई है। वे दो अवसर कौन-से होंगे?

**उत्तर:** 'तोप कविता में कवि ने तोप को दो बार चमकाने की बात कही है। वे दो अवसर हैं-15 अगस्त और 26 जनवरी ।

**(ख) निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए-**

**प्रश्न 1.**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप।

**उत्तर:** भाव यह है कि सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय जिस तोप ने असंख्य स्वतंत्रता प्रेमी वीरों और योद्धाओं को मौत के घाट उतार दिया था, कंपनी बाग के मुहाने पर रखी वही तोप आज विरासत बन गई है। इस तोप की शक्ति अब | वैसी नहीं, जैसी तब थी। आज यह बच्चों की घुड़सवारी का साधन बनी हुई है तो यह चिड़ियों के गपशप करने की प्रिय जगह बन गई है। गौरैयें तो इसके अंदर-बाहर आ-जाकर छिपम-छिपाई-सा खेल खेलती प्रतीत होती हैं।

**प्रश्न 2.**

वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

**उत्तर:** इन पंक्तियों का आशय है कि एक दिन जो तोप शक्तिशाली तथा क्रूरता का प्रतीक थी, आज उसका कोई महत्त्व नहीं है अर्थात् तोप महत्त्वहीन होकर कंपनी बाग के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन की तथा बच्चों के मनोरंजन की वस्तु बनकर पड़ी है।

**प्रश्न 3.**

उड़ा दिए थे मैंने,
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे।

**उत्तर:** भाव यह है कि तोप वर्ष 1857 के आसपास बहुत ही शक्तिशाली थी। तत्कालीन भारत में अंग्रेजों का शासन था। उस समय देश की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों से युद्ध करने वालों को तोप से उड़ा दिया था। कंपनी बाग के मुहाने पर रखी इस तोप से असंख्य शूरमाओं को उड़ा दिया था। उस समय यह तोप आतंक की पर्याय थी। इस तोप ने वीरों के अलावा निर्दोषों को भी अपनी शक्ति से मौत की नींद सुला दिया था।

**भाषा अध्ययन**

**प्रश्न 1.**

कवि ने इस कविता में शब्दों का सटीक और बेहतरीन प्रयोग किया है। इसकी एक पंक्ति देखिए 'धर रखी गई है। यह 1857 की तोप' 'घर' शब्द देशज है और कवि ने इसका कई अर्थों में प्रयोग किया है। 'रखना' 'धरोहर' और 'संचय' के रूप में।

**उत्तर:**

1. खरा सोना मजबूत होता है।
2. वह मेरी कसौटी पर खरा उतरा।

**प्रश्न 2.**

'तोप' शीर्षक कविता का भाव समझते हुए इसका गद्य में रूपातंरण कीजिए।

**उत्तर:** कविता का भाव गद्य में रूपातंरण-1857 के स्वतंत्रता सेनानियों को मारने के लिए अंग्रेज़ों ने जिस तोप का इस्तेमाल। किया, अब वह तोप कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर रखी है। विरासत में मिली इस तोप की साल में दो बार स्वतंत्रता। दिवस और गणतंत्र दिवस पर विशेष देख-रेख होती है। यह तोप प्रतीक रूप में यह बताती है कि मैंने अपने समय में भारतीय वीरों को मौत के घाट उतारा

था। लेकिन समय के बदलाव के साथ इस तोप पर बैठकर बच्चे सवारी का लुत्फ लेते हैं। इस पर बैठकर चिड़ियाँ बातचीत करती हैं। गौरेया नामक चिड़ियाँ इसमें भीतर बैठकर यह बताती हैं कि एक दिन सबका मुँह बंद हो जाता है। चाहे कोई कितनी ही बड़ी तोप क्यों न हो। भाव यह है कि अत्याचारी का भी एक-न-एक दिन अंत होता है। चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो।

**योग्यता विस्तार**

**प्रश्न 1.** कविता रचना करते समय उपयुक्त शब्दों का चयन और उनका सही स्थान पर प्रयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। कविता लिखने का प्रयास कीजिए और इसे समझिए।

**उत्तर:**

छात्र स्वयं करें।

**बरसात की मीठी बातें**

नीले नभ पर बादल छाए,
शांत धरा पर फुहारें आईं।
कोयल बोली पेड़ की शाखा,
भीग गई हैं सूनी राहें।
झरनों ने गीत छेड़ डाले,
नदियाँ हँसतीं चल पड़ीं।
पानी-पानी खेलती गलियाँ,
खुशबू फैली मिट्टी की।
इंद्रधनुष ने रंग बिखेरे,
फूलों पर तितली मुस्काई।
हरियाली ने हँसकर बोला—
"प्रकृति माँ की महक आई।"

**कविता में शब्दों का चयन और उपयोग:**

| **शब्द** | **क्यों चुना गया** | **भाव / प्रभाव** |
|---|---|---|
| *फुहारें, फूलों, तितली* | कोमलता दर्शाते हैं | कविता में सौंदर्य और कोमल भावनाएँ भरते हैं |
| *नीला नभ, इंद्रधनुष* | प्राकृतिक रंगों का संकेत | दृश्यात्मक प्रभाव और कल्पना बढ़ाते हैं |
| *कोयल बोली, झरनों ने गीत छेड़े* | सजीवता और श्रव्यता जोड़ते हैं | कविता को जीवंत बनाते हैं |
| *हरियाली, मिट्टी की खुशबू* | संवेदना और सादगी दर्शाते हैं | कविता को आत्मीयता और गहराई देते हैं |

**प्रश्न 2.** तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या और घनी आबादी वाली जगहों के आसपास पार्कों का होना क्यों ज़रूरी है? कक्षा में परिचर्चा कीजिए।

**उत्तर:** परिचर्चा-

जहाँ आबादी अधिक होगी, वहाँ प्रदूषण भी उसी अनुपात में मिलेगा। यदि प्रदूषण से बचने का उपाय नहीं किया गया तो वह मानव के अस्तित्व के लिए खतरा बन जाता है, जहाँ घनी आबादी व जनसंख्या अधिक है, ऐसी जगहों पर पार्क इसलिए आवश्यक है ताकि पार्क में लगे पेड़-पौधे ऑक्सीजन देकर वातावरण को शुद्ध कर प्रदूषण को कम कर सकें। कुल मिलाकर कहने का भाव यह है कि वातावरण को प्रदूषण रहित रखने के लिए हर क्षेत्र में पार्क व पेड़ों का होना अनिवार्य है।

**परियोजना कार्य**

**प्रश्न 1.**

स्वतंत्रता सैनानियों की गाथा संबंधी पुस्तक को पुस्तकालय से प्राप्त कीजिए और पढ़कर कक्षा में सुनाइए।

**उत्तर:**

छात्र स्वयं करें।

**स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित प्रमुख पुस्तकें (छात्रों के लिए उपयुक्त)**

| क्रम | पुस्तक का नाम | लेखक / प्रकाशन | प्रमुख पात्र |
|---|---|---|---|
| 1. | **"भारत के अमर शहीद"** | बाल साहित्य निकेतन | भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, सुखदेव, राजगुरु |
| 2. | **"झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई"** | अमर चित्र कथा (कॉमिक) | रानी लक्ष्मीबाई |
| 3. | **"आज़ादी की ओर"** | नेशनल बुक ट्रस्ट | आज़ादी के आंदोलन की झलक |
| 4. | **"सुभाष चंद्र बोस: आज़ाद हिंद के सेनानी"** | बाल साहित्य संस्थान | नेताजी सुभाष |
| 5. | **"बाल कहानियाँ: स्वतंत्रता सेनानियों की"** | प्रभात प्रकाशन | विभिन्न सेनानियों की लघु कथाएँ |
| 6. | **"महात्मा गांधी – बच्चों के लिए जीवन गाथा"** | रविन्द्र कुमार / NBT | गांधी जी का सरल जीवन और संघर्ष |
| 7. | **"वीर बालक: आज़ादी के दीवाने"** | नवनीत प्रकाशन | बाल स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियाँ |
| 8. | **"भारतीय क्रांतिकारियों की जीवनी"** | ज्ञान गंगा / Diamond Books | क्रांतिकारी आंदोलन पर आधारित |

egyanarchive